तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 18 अगस्त 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

10 धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी ...

11 नटखट कान्हा और चुलबुली राधा ने मोहा मन


श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# पारंपरिक नृत्यों और गीतों से जीवंत हुई आदिवासी संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार।

ग्राम गोडखपरी में आदिवासी दिवस के अवसर पर युग चेतना महिला मंडल बलौदाबाजार द्वारा एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य आदिवासी समाज की सांस्कृतिक गरिमा को सहेजते हुए उसे मुख्यधारा से जोड़ना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय बच्चों की पारंपरिक वेशभूषा में प्रस्तुति से हुई। विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत 'अरपा पैरी के धार' पर दी गई प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। नृत्य के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन का संदेश भी जन-जन तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम का समापन ग्रामीण महिलाओं द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक जस गीतों से हुआ, जिससे पूरे वातावरण में उत्सव और एकता का भाव जागृत हुआ। गोंड समाज के सचिव संजू मरकाम ने आदिवासी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आदिवासी पहचान और अधिकारों की बात की। वहीं सुमिरन समाजसेवी संस्थान के संस्थापक ने नशामुक्त समाज और शिक्षा के प्रसार की अपील की ।कार्यक्रम में ग्रामीणों की भारी उपस्थिति रही। चेतन सिंह ध्रुव, तीरथ मरकाम, गीता ध्रुव, रेनुका ध्रुव, शशिकला ध्रुव, योगेश विश्वकर्मा, धनंजय चंदनाहु, सिमरन चंदनाहु और रूद्र वर्मा जैसे अनेक गणमान्य ग्रामीण जन उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने में सहभागी बने।

## गोडखपरी में आदिवासी दिवस पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम




### संस्कृति से जुड़े नन्हे कदम

कार्यक्रम में बच्चों ने पारंपरिक पोशाकों में अपने सांस्कृतिक मूल्यों को मंच पर जीवंत किया। आदिवासी नृत्य शैली में दी गई प्रस्तुतियों ने न केवल परंपरा को सम्मानित किया, बल्कि नई पीढ़ी में भी गौरव का भाव उत्पन्न किया। दर्शकों ने तालियों के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## खबर संक्षेप

### वित्तीय साक्षरता एवं साइबर जागरूकता सेमिनार आज

बलौदाबाजार | ई -सतर्कता अंतर्गत डिजिटल लेनदेन एवं साइबर जागरूकता सेमिनार का आयोजन सोमवार को प्रातः 11 बजे से जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में किया जाएगा। कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, सी ई ओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल शामिल शामिल होंगे। ई- सतर्कता अंतर्गत वित्तीय लेनदेन व सायबर जागरूकता कार्यक्रम में वित्तीय लेनदेन, निवेश जोखिम व सायबर जागरूकता से समबंधित महत्वपूर्ण जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी। इनमे संस्थापक और सीईओ साइबर ऑप्स मुकेश चौधरी, सीनियर साइबर सिक्योरिटी एसोसिएट्स पुष्पराज वर्मा, वित्तीय साक्षरता परियोजना के राज्य निदेशक हितेश मिश्रा, एसबीआई से वित्तीय साक्षरता और परामर्शदाता एमएस देशकर एवं साइबर सेल प्रभारी बलौदाबाजार निरीक्षक प्रणाली वैद्य शामिल हैं। इसमें सरपंच, सचिव, स्व सहायता समूह के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### शिकारी केसली में हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता



सुहेला | गांव शिकारी केसली में हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार दिए गए- प्रथम पुरस्कार 301 सौर्य वर्मा को प्रदान किया गया, द्वितीय पुरस्कार 151 कोमल यादव को मिला, तृतीय पुरस्कार 101 मुकुंद वर्मा को दिया गया | कार्यक्रम में गांव के सरपंच संतोषी नारायण नेताम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इनके साथ भोला वर्मा, ठाकुर राम, प्रेम लाल, नितेंद्र वर्मा, नोहर, तथा अवध नरेश ध्रुव सहित समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद थे। सभी अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और इस प्रकार के आयोजनों को गांव की एकता और संस्कृति का प्रतीक बताया।

## 12 होटल, ढाबा और ठेला संचालकों के खिलाफ आबकारी एक्ट में की गई कार्रवाई

# अवैध चखना सेंटर व शराब सेवन पर पुलिस ने की छापेमार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में चलाया गया विशेष अभियान

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के नेतृत्व में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया गया। 16 अगस्त को सायंकाल एक विशेष छापामार अभियान के तहत 12 होटल, ढाबा, ठेला व चखना सेंटर संचालकों पर कार्यवाही की गई, जो अवैध रूप से शराब सेवन की सुविधा और सार्वजनिक स्थलों पर पीने की छूट दे रहे थे। यह कार्रवाई थाना सिटी कोतवाली एवं थाना कसडोल पुलिस टीमों द्वारा संयुक्त रूप से की गई। आरोपी सार्वजनिक स्थलों, होटल या सड़क किनारे बैठने, शराब पीने और पिलाने की सुविधा प्रदान कर रहे थे। सभी 12 व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान 12 आरोपी पकड़े गए हैं, जिनमें जितेंद्र पठारी, भूषण केवट, तरवीन नायक, उदय राम पटेल, हेमंत साहू, दिलहरण ध्रुव, करण भारती, युवराज कन्नौजे, मुन्ना यादव, प्रेमलाल साहू, परदेसी पनका व विजय विश्वकर्मा शामिल हैं। ये सभी बलौदाबाजार, पलारी, सुहेला एवं कसडोल थाना क्षेत्रों के निवासी हैं और सार्वजनिक स्थलों पर अवैध शराब सेवन कराने में लिप्त थे।



### नशे के अड्डों पर कसा शिकंजा

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा जिले में संचालित अवैध शराब विक्रय, जुआ-सट्टा और असामाजिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में यह कार्यवाही की गई है, जिससे स्पष्ट संकेत गया है कि सार्वजनिक स्थलों पर नशे की छूट देने वालों के खिलाफ अब कठोर रवैया अपनाया जाएगा। पुलिस ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है।

### भाटापारा में अवैध गांजा बिक्री का आरोपी गिरफ्तार



भाटापारा। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में भाटापारा शहर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी और बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मुखबिर की सूचना पर नाका नंबर 01, परशुराम वार्ड में स्थित एक डेली नीड्स की दुकान में पुलिस टीम ने छापेमारी की। इस दौरान आरोपी प्रशांत शुक्ला (30 वर्ष) के यहां से कुल 5.296 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पकड़ा गया गांजा लगभग 53,000 की कीमत का बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल भी जब्त किया है, जो संभावित तस्करी में उपयोग हो सकता है। आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा में भारतीय दंड संहिता की धारा 20**B** के तहत मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखने का आश्वासन दिया है। पुलिस ने आरोपी के यहां से 5.296 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया। इस गांजे का बाजार मूल्य लगभग 53,000 आंका गया है। इसके अतिरिक्त आरोपी से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। यह मोबाइल फोन तस्करी के संदिग्ध गतिविधियों में उपयोग किया जा सकता है। गिरफ्तार आरोपी प्रशांत शुक्ला (30) को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के साथ-साथ मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रामनाम के भजन से गूंजा नगर, शिव ने थामा मांदर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर में 87वें वर्ष आयोजित श्री अखंड राम नाम सप्ताह के समापन पर बड़ी धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने कीर्तन मंडलियों व श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया और रथ पर विराजमान प्रभु श्रीराम की पूजा-अर्चना कर सभी के सुख-समृद्धि की कामना की।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के साथ शिवरतन शर्मा ने मांदर बजाकर टोलियों के साथ रामधुन में सक्रिय भागीदारी की। शोभायात्रा में ग्रामीण अंचल के अलावा अन्य जिलों की 100 से अधिक भजन मंडलियां शामिल रहीं, जिन्होंने रामनाम के भजन से पूरा नगर गुंजायमान कर दिया। यह कार्यक्रम दोपहर में श्री अखंड राम नाम सप्ताह मंडप से प्रारंभ होकर हटरीबाजार, सदर बाजार, महासती मार्ग, बस स्टैंड, मंडी चौक और स्टेशन मार्ग होते हुए देर रात मंडप में समाप्त हुआ।

इस वर्ष की शोभायात्रा में बड़ी संख्या में कीर्तन मंडलियां और श्रद्धालु शामिल हुए। नगर पालिका के सभापति, पार्षदगण और ग्रामीण जनप्रतिनिधि भी बड़े उत्साह के साथ उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम ने भाटापारा में आस्था और सांस्कृतिक समृद्धि की एक नई छाप छोड़ी है।

### रामनाम सप्ताह का ऐतिहासिक महत्व

अखण्ड राम नाम सप्ताह भाटापारा क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। 87 वर्षों से इस आयोजन को बिना किसी बाहरी दबाव या समिति गठन के ही श्रद्धालु एवं संयोजक अपनी मेहनत से सफल बनाते आ रहे हैं। इस दौरान केवल 5-6 संयोजकों ने अपनी ज़िम्मेदारी संभाली है और जय रघुपति राघव राजा राम के जयकारे से सारा नगर गुंजायमान होता है।

## कृष्ण जन्माष्टमी ...



भरूवाडीह / सैहा / गुमा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन पर्व पर मनमोहक दृश्य में श्री कृष्ण के बाल रूप में बछड़े के साथ नैतिक धुरंधर |

### मिली 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार** | प्राकृतिक आपदा से मृत व्यक्ति के निकट परिजन के लिए 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत स्वीकृति प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति परिजन सुनीता बाई पति गंगा प्रसाद, निवासी ग्राम बेल्हा, तहसील पलारी के पुत्र आशीष का बिच्छू काटने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

# ओबीसी महासभा ने की 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां



विकासखंड मुख्यालय बिलाईगढ़ में ओबीसी महासभा के तत्वावधान में मंडल कमीशन अधिकार दिवस गरिमामय रूप से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओबीसी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम साहू थे। कार्यक्रम में ओबीसी वर्ग के हक और अधिकारों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें विशेष रूप से 27% आरक्षण की मांग को जोर-शोर से उठाया गया। वक्ताओं ने मंडल कमीशन की सिफारिशों के पूर्ण क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि जब तक सामाजिक न्याय पूरी तरह नहीं मिलता, तब तक यह आंदोलन चलता रहेगा।

कार्यक्रम में सामाजिक एकजुटता और ओबीसी वर्ग के अधिकारों को लेकर विशेष संकल्प लिया गया। सभा के अंत में सभी प्रतिभागियों ने समान अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने की प्रतिज्ञा ली।

इस अवसर पर महिला मोर्चा की कार्यकारी अध्यक्ष खिलेश्वरी, महासभा के सचिव भूपेंद्र साहू, बालोद जिलाध्यक्ष भगवती सोनकर, पुरेश्वर देवांगन, मनसुख दास, प्रदेश सहसचिव शनिराम साहू, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलाध्यक्ष पंचराम साहू, संतोष कुमार साहू, डोलकुमार जायसवाल, राधेश्याम जायसवाल, नन्दकुमार साहू, हेतराम साहू, दशरथ साहू, शत्रुघ्न जायसवाल, लोकनाथ साहू, रामाधीन यादव, महावीर प्रसाद यादव, राकेश पटेल, गुरुचरण पटेल, जगन्नाथ जायसवाल, रामनारायण साहू, के.पी. पटेल आदि उपस्थित रहे।

## युवाओं ने दिखाया जबरदस्त उत्साह, विजेताओं को सम्मानित किया गया

# मटकी फोड़ प्रतियोगिता में उमड़ी भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



अंचल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। ग्राम पंचायत परसदा में बजरंग दल के तत्वाधान में मटका फोड़, आंख बंद मटका फोड़ और खुटा चढ़ मटका फोड़ सहित अन्य क्रीड़ा प्रतियोगिताएं पीपर पारा दुर्गा चौक में आयोजित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीकृष्ण भगवान की प्रतिमा को झांकी में सजाकर गांव के चौक-चौराहों में श्रद्धापूर्वक घुमाने से हुई। मटका फोड़ प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और दर्शक जय कन्हैया लाल के जयकारों से उत्साहवर्धन करते रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच सत्य भावना विनोद यादव के साथ पंच दुलार सिंह कंवर, कृष्णा यादव, ग्राम प्रमुख बिसहत रजक सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे। प्रतियोगिता में आंख बंद मटका फोड़ में जया यादव, योगिता रजक और बसंती यादव विजेता रहीं, खुटा चढ़ मटका फोड़ में इंद्रा ▶▶ शेष पेज 11 पर

### प्रतियोगिता शुल्क एवं पुरस्कार

मटका फोड़ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों से 250 रुपए शुल्क लिया गया, जिसमें विजेता को 1000 रुपए पुरस्कार मिला। आंख बंद मटका फोड़ में 10 रुपए शुल्क एवं 101 रुपए पुरस्कार, वहीं खुटा चढ़ मटका फोड़ में 50 रुपए शुल्क एवं 301 रुपए पुरस्कार दिया गया।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

## खबर संक्षेप

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सिंघनपुर की एक महिला के साथ उसके पति ने मारपीट कर दी। महिला की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध पटेवा थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थिया ज्योति कोसरिया ने बताया कि 16 अगस्त की दोपहर करीबन 2.30 बजे वह अपने घर में रहकर काम कर रही थी। तभी उसका पति नाथूराम कोसरिया, मेरे माता-पिता का ध्यान नंही रखती हो कहकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। मामले को लेकर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### तीजा पर्व 26 अगस्त को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ का प्रमुख त्यौहार तीजा इस महीने की 26 तारीख को मनाया जाएगा। श्रीसत्यनारायण मंदिर खट्टी के पं. सुभाष शर्मा ने बताया कि 23 अगस्त शनिवार को पोला, 26 अगस्त मंगलवार को तीजा और 27 अगस्त बुधवार को गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाएगा।

### मोबाइल तोड़ने की बात को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** मोबाइल तोड़ने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ उसके भतीजे ने मारपीट कर दी। मामले को लेकर पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी मीलाराम साहू निवासी ग्राम ठाकुरदियाखुर्द ने बताया कि 15 अगस्त को दोपहर 1-2 बजे के बीच उसके नाती और यशवंत साहू के बेटे के बीच मोबाइल तोड़ने की बात को लेकर झगडा हुआ था। इसके बाद वह 16 अगस्त को सुबह करीबन 7.30 बजे अपनी गाय को गौठान ले जा रहा था, इसी दौरान बच्चे के द्वारा मोबाइल तोड़ने की बात को लेकर उसका भतीजा यशवंत साहू आया और गाली देते हुए मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### सूअर खाने के शक में सफाई कर्मचारी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** सूअर खाने के शक में एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थी अवधराम कुलदीप निवासी वार्ड नं एक शंकर नगर महासमुंद ने बताया कि नगर पालिका महासमुंद में सफाई का काम करता हूं। 13 अगस्त की रात करीबन 8.30 बजे आरोपी मुन्ना डेरा सुभाष नगर महासमुंद, संग्राम देवार, दुल्ला देवार, किशोर देवार उसके घर आए और और उसे सुअर को मारकर खाया है कहकर गाली गलौज करने लगे। जब वह बाहर आया तब दुल्ला ने कहा कि तुमने हमारे घर के सूअर को मार मारकर खाया है। जिस पर प्रार्थी ने कहा कि मैं नहीं खाया हूं। लेकिन आरोपी एक राय होकर गालियां देते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट एवं धक्का मुक्की करने से वह दरवाजे के चौखट से जाकर टकराया और सिर में चोट लगी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### शहीद स्मारक में चला स्वच्छता अभियान

**खरोरा।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, पंच अंजू चंद्राकर, पंच लतिका यादव, पंच मनीष चंद्राकर,व पूर्व सैनिक संगठन के सदस्य रामप्यारी साहू, गुलशन चंद्राकर द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया, इस दौरान गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प लेते हुए गांव और शहीद स्मारक के आसपास सफाई किया गया।

### घासीदास में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला गुरु घासीदास में 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वार्ड नंबर 22 के पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला गुरु घासीदास के प्रधान पाठक केशव साहू, अन्य शिक्षकगण, वार्डवासी उपस्थित रहे।

---

विधायक संदीप साहू और पूर्व विधायक अरुण मिश्रा हुए शामिल

# उत्साह और गौरव के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल







स्थानीय इंदिरा देवी गौरहा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू और अध्यक्षता पूर्व विधायक अरुण कुमार मिश्रा ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। मुख्य द्वार पर पारंपरिक स्वागत के बाद अतिथियों ने मां सरस्वती, महात्मा गांधी और बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद ध्वजारोहण किया गया। मंच पर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्रा ने अतिथियों का पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया। वहीं, विद्यालय प्राचार्य वर्षा शर्मा सहित समस्त शिक्षकगण ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया।

**शिक्षा के महत्व पर बोले अतिथि :** विधायक संदीप साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि आजादी यूं ही नहीं मिली, इसके लिए देश के वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह विद्यालय कसडोल अंचल का उत्कृष्ट संस्थान है, यहां से पढ़कर छात्र न सिर्फ अपने माता-पिता, बल्कि क्षेत्र और प्रदेश का भी नाम रोशन कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक अरुण मिश्रा ने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए कठिन परिश्रम जरूरी है। खासकर बारहवीं के छात्र-छात्राओं को यह वर्ष दिशा और दशा तय करने वाला होता है। उन्होंने छात्रों से लक्ष्य तय कर मेहनत करने की सलाह दी।

संस्था के संस्थापक अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने विद्यालय की गतिविधियों पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष नीलू साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दयाराम वर्मा, पूर्व पार्षद खिलावन डहरिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि और पालकगण उपस्थित रहे।

## अरुण कुमार को स्वतंत्रता दिवस समारोह में मिला विशेष सम्मान

**भटगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला ग्वाली में पदस्थ शिक्षक अरुण कुमार देवांगन को सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय राधेश्याम राठिया, सांसद लोकसभा क्षेत्र रायगढ़ एवं डॉ. संजय कन्नौजे, आई.ए.एस. जिलाधीश सारंगढ़-बिलाईगढ़ ने शिक्षक अरुण कुमार को प्रशस्ति पत्र तथा मोमेंट प्रदान कर सम्मानित किया।

इस समारोह में जिले के विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। भटगांव के अरुण कुमार को यह पुरस्कार उनकी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, विषयगत कार्य योजना, नवाचारी शैक्षिक गतिविधियों एवं छात्रों में लर्निंग गैप की पूर्ति के लिए किए गए प्रयासों के कारण दिया गया।

**सम्मान के पीछे की वजह:** अरुण कुमार देवांगन ने अपनी शिक्षण पद्धति में नवीनता लाकर बच्चों की सीखने की क्षमता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया। विषयगत योजनाओं के साथ नियमित अध्यापन और लर्निंग गैप को कम करने के लिए किए गए प्रयासों ने उन्हें यह सम्मान दिलाया।

**शिक्षकों की प्रतिक्रिया और बधाई:** बिलाईगढ़ विकासखंड के प्रमुख शिक्षकों सहित अनेक शिक्षक और शैक्षिक समन्वयकों ने अरुण कुमार को इस सम्मान के लिए बधाई दी है। अभय कुमार पांडेय, बुधेश्वर कुमार कश्यप, पूनम खटकर, गंगा पटेल समेत कई अन्य शिक्षकों ने उनके प्रयासों की प्रशंसा की।



## जनभागीदारी अध्यक्ष ने फहराया तिरंगा

**कसडोल।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मिनीमाता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कसडोल में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन गरिमामय ढंग से किया गया। कार्यक्रम में बतौर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष पुनेश्वर नाथ मिश्रा ने ध्वजारोहण किया और विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता निभाई।

अपने उद्बोधन में श्री मिश्रा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे पूर्वजों के बलिदान और तपस्या की देन है। सैकड़ों वर्षों की गुलामी से आजादी मिलना आसान नहीं था। उन्होंने कहा कि इस दिन हम सभी को राष्ट्रनिर्माण में भागीदारी का संकल्प लेना चाहिए।छात्राओं को दी प्रेरणाः एक पौधा और पढ़ाई का संकल्प पुनेश्वर नाथ मिश्रा ने छात्राओं से अपील की कि वे अपने से छोटे बच्चों को पढ़ाने की पहल करें, साथ ही प्रत्येक छात्रा अपने नाम से एक पौधा अवश्य लगाए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के इतिहास को जानना और अगली पीढ़ी को बताना हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य और भाषण से सबका मन मोह लिया।



### प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

पूर्व विधायक अरुण मिश्रा द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रति वर्ष 10,000 रुपये की छात्रवृत्ति दी जाती है। इस वर्ष कक्षा 10वीं की जीविका साहू, मिनाक्षी कैवर्त्य और याचिका साहू को यह राशि प्रदान की गई। वहीं कक्षा 12वीं की नीलू डडसेना, मोना साहू और लीना जाधव को 10,000 नकद, मेमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

---

## आने वाले भविष्य के नाम पर वार्डवासियों ने किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने एवं आने वाले पीढ़ियों को प्रकृति अनुकूल वातावरण देने के उद्देश्य से /"एक पेड़ आने वाले भविष्य के नाम/" के तहत मोहल्ला विकास समिति वार्ड क्र. 05 एवं विमला छबि साहू के सौजन्य से वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 05 स्थित धोबी तालाब में वार्ड वासियों द्वारा वृहद वृक्षारोपण कर उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

मोहल्ला विकास समिति के सदस्यों ने वार्ड वासियों से अपील की है कि अपने आसपास अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें तथा उनकी देखरेख करे। पर्यावरण हमारी अमूल्य धरोहर है, और इसका संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण में हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। वृक्षारोपण से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए जनसामान्य से इसे एक आंदोलन के रूप में अपनाने को प्रेरित किया गया। तालाब किनारे आम, बेल, आंवला, नीम, गुलमोहर, आदि के वृक्ष लगाए गए।

**ये रहे उपस्थित:** इस दौरान वार्ड पार्षद रोहित साहू, लखेश साहू, राजेश साहू, मायाराम पाल, देवेश साहू, इंद्रेश शर्मा, हरिश्चंद्र साहू, संतोष देवांगन, विमला साहू, छबि साहू, रुखमणि साहू, आलेना, उमेश साहू, कमलेश साहू, हरीश साहू, खुमान सिंह साहू, रानी साहू सहित समस्त वार्ड वासी उपस्थित रहें।

## आदिवासी संस्कृति की झलक से सराबोर हुआ देवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




बलौदाबाजार-भाटापारा क्षेत्र के ग्राम देवरी (सलैनी) में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। ग्रामवासियों ने उनका गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया और श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर आदिवासी समाज की कला, संस्कृति और पारंपरिक विरासत से सजे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बोलते हुए आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि जल-जंगल-जमीन अगर आज सुरक्षित हैं तो यह आदिवासी समाज की जीवनशैली और प्रकृति प्रेम का प्रतिफल है। उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासी दिवस एक उत्सव नहीं बल्कि संकल्प है कि हर आदिवासी को उसका हक, सम्मान और पहचान दिलाने का। जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने आदिवासी समाज को धरती का गहना बताते हुए कहा कि उनकी रंग-बिरंगी संस्कृति, बोली, पहाड़ों से लगाव और सादा जीवनशैली हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि सच्चा जीवन वही है जो प्रकृति और अपनों के साथ मिलकर जिया जाए।कार्यक्रम में देवरी चक लवन राज के अध्यक्ष रामू नेताम, डॉ एलएस ध्रुव, इंजीनियर वाल्मीकि ध्रुव, चंद्रशेखर ध्रुव आदि शामिल हुए।

### धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**मुड़पार सरसीवा।** समीपस्थ ग्राम पंचायत गाताडीह में सर्व आदिवासी समाज द्वारा विश्व आदिवासी दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी अनिल साहू बतौ मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य शिव कुमारी अनिल साहू ने सर्व आदिवासी समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति की रक्षक है । जिन्होंने आदि काल से जल जंगल को बचाने के काम किया है। यह प्राकृतिक पूजक समाज के लोग दयालु, भोले भाले है। आज आदिवासी समाज को शिक्षा और व्यवसाय पर ध्यान देने की जरूरत है। हमेशा से सर्व आदिवासी समाज का सहयोग आशीर्वाद मिलता रहा है। समाज के लोग हमें जब भी याद करेगे हमेशा सहयोग करती रहूंगी। इस मौके पर समाज के जीवन नेताम जनपद पंचायत सभापति अमर नेताम सरपंच, सहित समाज के लोग बड़ी संख्या उपस्थित रहे।



### आदिवासी दिवस पर निकली भव्य रैली

**लटुवा ।** ग्राम पंचायत लटुवा में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज के सैकड़ों युवक युवतियों एवं बड़े बुजुर्गों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा पहनकर डीजे के धुन में नाचते गाते हुए गांव की गलियों में रैली निकलते हुवे आदिवासी दिवस मनाया गया इस अवसर पर युवतियों द्वारा सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी गई और लक्ष्मी सागर तालाब स्थित बड़ा देव मंदिर में आदिवासी समाज द्वारा, गांव के विकास एवं खुशहाली की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर समाज के नरेंद्र ध्रुव, विनोद ध्रुव, कन्हैया ध्रुव, हंसा ध्रुव, गन्नू ध्रुव, नंदू ध्रुव, राजेंद्र ध्रुव, राजू ध्रुव, अंगद ध्रुव, मनहरन ध्रुव, बिमलेश, अनूप, फिरतु, बालकरण, जगदेव ध्रुव के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे ।



---

नवीन ब्लॉकों के गठन और सदस्यता विस्तार पर हुआ जोर

## सतनामी समाज की बैठक में लिए गए संगठन विस्तार के निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

बगबुडा में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की जिला स्तरीय बैठक स्व. महंत नयनदास महिलांग स्मृति स्थल गार्डन चौक, बलौदाबाजार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष देवेंद्र चतुर्वेदी ने की, जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष सरजू प्रसाद धृतलहरे एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गणेश प्रसाद बघेल मुख्य अतिथि थे। बैठक में वर्तमान कार्यकारिणी के कार्यकाल समाप्त होने पर नए निर्वाचित एवं मनोनीत पदाधिकारियों के चयन के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही 31 अगस्त 2025 तक बलौदाबाजार जिला के ब्लॉक क्षेत्रों में सदस्यता विस्तार का निर्णय लिया गया।



बैठक में संगठनात्मक मजबूती के लिए लवन, सुहेला, गिरौदपुरी, संडी ब्लॉकों के गठन का भी प्रस्ताव पारित हुआ। प्रदेश पदाधिकारियों ने समाज के सभी सदस्यों से संगठन से जुड़कर समाज को और अधिक मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया।

सदस्यता विस्तार एवं ब्लॉक गठन

बलौदाबाजार जिला के बलौदाबाजार, पलारी, भाटापारा, कसडोल, सिमगा ब्लॉकों में सदस्यता अभियान 31 अगस्त तक जारी रहेगा। साथ ही लवन, सुहेला, गिरौदपुरी, संडी ब्लॉकों का नया गठन संगठन के विस्तार हेतु किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सरजू प्रसाद धृतलहरे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गणेश प्रसाद बघेल, जिलाध्यक्ष देवेंद्र चतुर्वेदी सहित बी एल दीवाकर, महेंद्र टंडन, दीपक घृतलहरे, विजय बांधे, सुशील बंजारे, अन्य गणमान्य सदस्य बैठक में उपस्थित थे।

## जन्माष्टमी पर निकली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

ग्राम अरंड में हर्षोल्लास के साथ योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। कलश यात्रा निकाला गया और विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत महासमुंद की अध्यक्ष मोंगरा पटेल मुख्य अतिथि ने कहा कि गांव में ऐसा भव्य कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन ऐतिहासिक व अनुकरणीय है। इस अवसर पर किशन पटेल, शिवचरण ध्रुव, कौतुक पटेल, सरपंच दिगंबर पटेल, हुसन निर्मलकर, अजय गुलशन, सुनील आदि उपस्थित थे। शिक्षक कौतुक पटेल ने बताया कि गांव में कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन का यह अठारह वर्ष है। पूरा गांव में हाथी-घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की ध्वनि से गूंजायमान हो रहा है।

इस अवसर पर विभिन्न खेल का आयोजन व रात्रि में रामचरित्र मानस गान का आयोजन किया गया। संध्या मटकी फोड़ दही लूट का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, अध्यक्षता ब्रम्हानंद पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा, विशेष अतिथि जवाहर दीवान पूर्व सदस्य जिला पंचायत, दिगंबर पटेल, सरपंच देवराज ठाकुर, पूर्व सरपंच युवा भाजपा नेता नितिन जिंदल मंचस्थ थे। मुख्य अतिथि ने गांव के युवाओं की एकता की मिसाल देते हुए शिक्षा के प्रति भी जन जागृति का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप



### अखण्ड राम नाम सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**सिमगा** । प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर पंडितों के द्वारा विधि-विधान के पूजा अर्चना के साथ अखण्ड राम नाम सप्ताह प्रारंभ किया गया । अखण्ड राम नाम सप्ताह कार्यक्रम में पूरे सात दिवस हेतु टोलियां बनाकर पूरे एक सप्ताह तक अनवरत राम नाम का जाप किया जाता है । अखण्ड राम नाम सप्ताह का आयोजन होते हुए 116 वां वर्ष है ।

### विद्यार्थी के जन्मदिन पर स्कूल में न्योता भोज



**खरोरा** । शासकीय प्राथमिक शाला बुड़ेनी में कक्षा पांचवी के लक्ष्य ढीढी के जन्मदिवस पर उसके परिवार जनों द्वारा नेवता भोज का कार्यक्रम शासकीय प्राथमिक शाला बुड़ेनी में रखा गया जिसको शासकीय प्राथमिक शाला स्टाफ एवं एसएमसी स्टाफ सरपंच सहित बधाई एवं सम्मान देते हुए ।

## पेज 9 के शेष

### मटकी फोड़ ...

ठाकुर ने बाजी मारी, जबकि मटका फोड़ में बजरंग दल की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता सफल बनाने में बजरंग दल के सभी सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विजेश्वर पैकरा, धर्मेंद्र रजक, तुलेश रजक, शिवम मंडावी, राजकुमार नेताम, जयंत यादव, लोकेश रजक, सत्यप्रकाश यादव, नरेंद्र रजक, सुनील प्रजापति सहित बजरंग दल के सभी सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया।


### ईश्तहार (नाम परिवर्तन)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री रूपमणी RUPMANI पिता लुकेश्वर साहू LUKESHWAR SAHU का जन्म प्रमाण पत्र बना हुआ है, जिसमें मेरी पुत्री का नाम रूपमणी RUPMANI दर्ज है किंतु मेरी पुत्री के आधार कार्ड क्र. 545567268086 में मेरी पुत्री का नाम रूबी साहू अंग्रेजी में RUBI SAHU दर्ज है।यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में नाम सुधार कर रूबी साहू अंग्रेजी में RUBI SAHU के स्थान में रूपमणी RUPMANI दर्ज किया जाना है जो कि उसके जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में नाम सुधार कर रूबी साहू के स्थान पर रूपमणी दर्ज किए जाने की समर्थन में राजपत्र में प्रकाशन हेतु सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर दिया हूं।

अतः अब से मेरी बेटी अंग्रेजी में RUPMANI हिंदी में रूपमणी निवासी ग्राम धौराभाठा, तहसील पलारी, जिला बलौदाबाजार भाटापारा, छत्तीसगढ़ पिन 493229 के नाम से जाना, पहचाना, पुकारा व दर्ज किया जावे।

श्री लुकेश्वर साहू उम्र 37 साल पिता श्री गौराम साहू जाति तेली, निवासी ग्राम धौराभाठा, तहसील पलारी, जिला बलौदाबाजार भाटापारा, छत्तीसगढ़ पिन 493229

शपथकर्ता


# विहिप ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मनाया स्थापना दिवस

## महावीर देव मंदिर में हुआ आयोजन, भजन-कीर्तन व विचार गोष्ठी रही मुख्य आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर विहिप के 61वें स्थापना दिवस का भी आयोजन धूमधाम से किया गया। जिला स्तर का मुख्य कार्यक्रम नगर के श्री महावीर देव मंदिर, बजरंग चौक में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की आरती से की गई। इसके बाद विभाजन के समय हुए हिंदू समाज पर अत्याचार, विस्थापन और बलिदानों को लेकर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। सरगम संगीत समिति के राजेश साहू एवं उनके साथियों द्वारा प्रस्तुत भजन संध्या और कीर्तन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में जिले के खंड, प्रखंड, नगर और ग्राम स्तर पर भी मटकी फोड़, प्रसाद वितरण, कीर्तन जैसे आयोजन हुए, जिनमें स्थानीय नागरिकों एवं विहिप कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में भाग लिया।

भारत विभाजन के दौरान लाखों हिंदुओं को विस्थापन, हिंसा और धार्मिक यातना का सामना करना पड़ा था। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए हमें इतिहास की पीड़ाओं को स्मरण करते रहना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उन बलिदानों को न भूलें।



### हिंदू समाज के लिए समर्पित संगठन

विहिप के जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना 61 वर्ष पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और समाज के वरिष्ठ हित चिंतकों द्वारा की गई थी। इसका उद्देश्य हिंदू समाज, मंदिरों की रक्षा तथा धर्म-संस्कृति के संवर्धन हेतु कार्य करना रहा है। आज विहिप विश्व का सबसे बड़ा हिंदू संगठन बन चुका है, जो राष्ट्र निर्माण और सेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

## राधा-कृष्ण की झांकी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

# भौतिकता के दौर में मानवता का संदेश देते हुए बच्चों ने प्रस्तुत किया नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हिरमी के स्थानीय सेवा केंद्र में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर झांकी का आयोजन किया गया। राधा कृष्ण की झांकी के आगे अतिथि तारणी राजपूत (पूर्व जनपद सदस्य हिरमी), पीआर वर्मा (प्राचार्य ज्ञानोदय), वेदप्रकाश वर्मा (सरपंच प्रतिनिधि सकलोर) दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

नमिता बहन ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व प्राचीन काल से ही बहुत श्रद्धा पूर्वक मनाया जाता है। श्री कृष्ण सर्वगुण सम्पन्न संपूर्ण पावन देवता हैं। स्वर्णिम भारत का मालिक होने के कारण ने बैकुंठनाथ भी कहा जाता है। बहन ने भगवान श्री कृष्ण के दर्शाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। आज भौतिकता की चकाचौंध में मानव अंधा हो चुका है और मानवीय मूल्यों का पतन हो रहा है, जो चिंता का विषय है। हम सभी इस जन्माष्टमी पर्व पर मानव को मानवता का पाठ पढ़ा समाज को दिव्य बनाने का संकल्प लें, तो यह पर्व मनाने का अर्थ सार्थक होगा। इस मौके पर बच्चों की ओर से नृत्य पेश किया गया। इस अवसर पर बीके प्रीति, दिलेश्वर मढरिया, तन्मय राजपूत, पुरंदर जायसवाल आदि उपस्थित रहे।



### नटखट कान्हा और चुलबुली राधा ने मोहा मन



**खरोरा।** अंचल में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व गुरुवार को हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों व घरों में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और झांकियों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कबड्डी, मटका फोड़, दौड़, दही-हांडी व अन्य प्रतियोगिताएं हुईं, जिनमें बच्चों और युवाओं ने उत्साह से भाग लिया। शोभायात्रा में सजे-धजे रथों और दही मटकी फोड़ की झलक ने लोगों को आकर्षित किया। सिर पर मुकुट, मोरपंख और बांसुरी थामे नन्हे कान्हा और राधा के रूप में सजे बच्चों ने सबका मन मोह लिया। घर-घर में झांकियां सजाई गईं और लड्डू गोपाल को माखन-मिश्री का भोग अर्पित किया गया।

### धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**खरोरा।** शिव मंदिर कॉलोनी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे कॉलोनी में भक्ति व उत्साह का वातावरण देखने को मिला। मटका फोड़, कुर्सी दौड़ और गुब्बारा फोड़ जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताओं में बच्चों से लेकर बड़ों तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में सुनील कुमार वर्मा, संजय कुमार बंछोर सहित कॉलोनी वासियों का विशेष सहयोग रहा। समापन अवसर पर धीरेंद्र कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में प्रेम और एकता का संदेश देते हैं।



# लवन सहकारी समिति अध्यक्ष दुर्गेश ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

रविवार को कृषक सेवा सहकारी समिति, लवन के नवनियुक्त प्राधिकृत अध्यक्ष दुर्गेश बाजपेयी का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने दुर्गेश बाजपेयी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके पश्चात राजस्व मंत्री वर्मा ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को दूर करने में वे सदैव तत्पर रहें।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में पूर्ववर्ती रमन सरकार द्वारा किसानों को ब्याजमुक्त ऋण, समय पर खाद-बीज की आपूर्ति और सिंचाई व्यवस्था जैसे प्रयासों को याद किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान विष्णुदेव सरकार ने किसानों के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हुए प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान को 3100 की दर से खरीदने का निर्णय लिया है, साथ ही बकाया बोनस का भुगतान कर किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है।

### नहर से जल्द मिलेगा पानी, किसानों को राहत की उम्मीद

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने संबोधन में वर्षा की कमी से जूझ रहे किसानों की चिंता को साझा करते हुए कहा कि सरकार नहरों से सिंचाई की व्यवस्था को प्राथमिकता पर ले रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में किसानों को पानी की कमी नहीं होने दी जाएगी और हर संकट की घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी रहेगी।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अजय राव, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं अ.जा. मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े, वरिष्ठ नेता संजय बाजपेयी, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी, पूर्व नगर अध्यक्ष मीना बार्वे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता, पार्षदगण एवं किसान भाई उपस्थित रहे। सभी ने अध्यक्ष बाजपेयी को बधाई दी और सहयोग का आश्वासन दिया।

# खरोरा चैम्बर परिसर में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

खरोरा चैम्बर ऑफ कॉमर्स कार्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पद्मश्री विधायक अनुज शर्मा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। विधायक अनुज शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता शहीदों के बलिदान से मिली है, जिन्हें हम नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि देश तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है और वैश्विक व्यापार में उत्पन्न टैरिफ संकट से उबरने के लिए आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ठोस कदम उठाना आवश्यक है।

जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कोरोना काल की कठिनाइयों को याद करते हुए बताया कि भारत ने सीमित संसाधनों के बावजूद दुनिया को अपनी ताकत दिखाई है। उन्होंने कहा कि इसी आत्मबल से हम आने वाले संकटों को भी पार करेंगे। चैम्बर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति के लिए अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी पालन जरूरी है।





### कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं

खरोरा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण, उद्बोधन, और सामाजिक सहभागिता मुख्य आकर्षण रहे। कार्यक्रम का संचालन सूरज सोनी ने किया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. देवजी भाई पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता सोनी, समाजसेवी ईश्वरीय प्रसाद देवांगन, डॉ. महेंद्र देवांगन सहित व्यापारी, जनप्रतिनिधि और नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।







सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
14 अगस्त 2025 SHOW TIME
वार-2
शो समय -12:00,3:00,6:30,9:00 PM
कुली
शो समय - 3:15, 9:30 PM
महावतार नरसिम्हा
शो समय - 6:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### नीट में सुमन की सफलता, रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में मिला स्थान



**गिधौरी** | नीट यूजी 2025 में सुमन कश्यप पिता श्री मनोज कश्यप निवासी ग्राम मिस्दा ने 504 अंक हासिल कर शासकीय लखीराम अग्रवाल मेमोरियल मेडिकल कॉलेज रायगढ़ प्राप्त कर अपने परिवार और गुरुजनों का मन बढ़ाया जिससे पूरे घर में हर्ष का माहौल है ग्राम गिधौरी से इनके मामा देवेंद्र वर्मा ने बताया कि सुमन शुरुआत से ही मेधावी छात्रा रही 10वी सीबीएसई में 95.2% और 12वी सीबीएसई में 91.8% रहा सुमन शुरू से ही डॉक्टर बनना चाहती थी उसने अपनी कड़ी अनवरत मेहनत से सफलता का परचम लहराया चिकित्सा क्षेत्र में उज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हार्दिक बधाई दी उनकी नाना-नानी मामा देवेंद्र वर्मा, राजेंद्र वर्मा, मनोज वर्मा, शिक्षक शिव साहू एवं समस्त ग्रामीण जन ने हर्ष व्याप्त है।

### समाजसेवी मुकेश झा ने किया शिक्षकों को सम्मानित



**भवानीपुर।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर खपरी भ में ग्राम पंचायत के पूर्व उपसरपंच व समाजसेवी मुकेश झा ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और समाजसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया। सम्मानित करते हुए उन्होंने कहा की शिक्षक बारिश हो या फिर गर्मी बच्चों का भविष्य का सपना शिक्षक ही साकार करता है समाज में उनके अमूल्य योगदान को पहचानने के लिए समर्पित है। साथ ही यह दिन शिक्षा के महत्व और हमारे जीवन को आकार देने में शिक्षकों के प्रभाव की भी याद दिलाता है। शिक्षक हमारे अस्तित्व का आधार हैं। हमें जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं।

## निधन

### बुधियारिन बाई वर्मा



सुहेला। बुधियारिन बाई वर्मा, उम्र 85 वर्ष, निवासी ग्राम सुहेला का निधन 14 अगस्त को हो गया जिसका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया वह रामचरण वर्मा, संतोषी वर्मा की माता थी।

### रघुपत राव भोंसले



सिमगा। रघुपत राव भोंसले उम्र 80 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी तट किनारे स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे नीरज भोसले के पिता थे।

### कुसुम वर्मा



**सुहेला** | श्रीमती कुसुम वर्मा (72) निवासी ग्राम बासीन का निधन 14 अगस्त को हो गया। जिसका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वह ठाकुर राम वर्मा की पत्नी थीं, तथा हेमा वर्मा, छमा वर्मा, टेकराम वर्मा, कुमारी वर्मा, संतोष वर्मा की माता थीं।

छोटे-छोटे बच्चों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम की बढ़ाई शोभा, गांव-गांव में प्रभात फेरी व ध्वजारोहण के साथ मनाया आज़ादी का पर्व

# स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न स्थानों में गर्व से फहराया तिरंगा, छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



- नप्रतिनिधियों ने जताई एकता की भावना

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों पर बड़ी शान से तिरंगा फहराया गया। शासकीय संस्थान, निजी स्कूल और ग्राम पंचायतों में धूमधाम के साथ कार्यक्रम आयोजित हुए। छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत गाते हुए गांव के चौक-चौराहों में प्रभात फेरी निकाली, जहां ग्रामीणों ने उनका हृदय से स्वागत किया। ध्वजारोहण के पश्चात छोटे-छोटे बच्चों ने गीत, संगीत, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति की भावना को प्रकट किया। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आस-पास के लोग भी उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों की प्रस्तुति का आनंद लिया।

ग्राम पंचायत हरिनभट्ठा में सरपंच पूनम श्रेय, ग्राम पंचायत खपरी में सरपंच दिनेश कुमार मार्कंडेय, ग्राम पंचायत रिवाडीह में इंद्राणी रहिदास, ग्राम पंचायत मोहान में सरपंच रानू ध्रुव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इनके अलावा पुलिस थाना गिधपुरी प्रभारी नरेश दीवान, शिवपुरी संस्था प्रमुख खुशबू चंद्राकर, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया गिधपुरी के अधिकारी भी मौजूद थे। कार्यक्रम में विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना के बाद तिरंगा झंडा फहराया गया। जनप्रतिनिधियों ने सभी से एकजुट होकर स्वतंत्रता दिवस के महत्व को समझने और गांव के विकास में संगठन एवं एकता के साथ काम करने का आह्वान किया। छोटे बच्चों को अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**स्वतंत्रता दिवस का महत्व और एकता का संदेश :** स्वतंत्रता दिवस न केवल देश की आज़ादी का जश्न है, बल्कि यह सभी को एकजुट होकर विकास के लिए काम करने का संकल्प भी दिलाता है। जनप्रतिनिधियों ने इस अवसर पर सभी से गांव की भलाई के लिए मिलजुल कर काम करने की अपील की, जिससे सामाजिक सौहार्द और प्रगति बनी रहे।

छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए गीत, नृत्य और भाषणों ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। इनके माध्यम से युवाओं में देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास हुआ। ग्रामीणों ने भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया।

## गुरुकुल परंपरा से सजे स्कूल में मना स्वतंत्रता दिवस



**भाटापारा।** ग्राम बोरतरा स्थित चिन्मय सागर विद्या निकेतन मोदी स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पारंपरिक गरिमा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में ध्वजारोहण के बाद देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि आनंद आदिल वर्मा (सरपंच, बोरतरा), अभिषेक मोदी (डायरेक्टर, मोदी स्कूल) एवं श्यामलाल वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर की गई। इसके बाद सभी ने राष्ट्रध्वज को नमन करते हुए राष्ट्रगीत का सामूहिक पाठ किया। विद्यालय के संपूर्ण विद्यार्थीगण, पालकगण एवं शिक्षक इस समारोह में उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, नृत्यों और भाषणों के माध्यम से आजादी के अमर गाथा को प्रस्तुत किया। समारोह का समापन प्राचार्य वीरेंद्र पांडे और पीयूष द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ किया गया।

ग्राम बोरतरा में संचालित चिन्मय सागर विद्या निकेतन मोदी स्कूल को राष्ट्रसंत आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज और मुनि श्री चिन्मय सागर जी महाराज (जंगल वाले बाबा) का पावन आशीर्वाद प्राप्त है। यह विद्यालय गुरुकुल पद्धति के साथ हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्रदान कर रहा है, जो नैतिक मूल्यों और आधुनिक शिक्षा का संगम है।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। नृत्य, गायन और भाषण जैसे आयोजनों में विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को सजीव कर दिया।अभिभावकों ने भी बच्चों की प्रस्तुतियों की मुक्तकंठ से सराहना की।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को मिली प्रोत्साहन राशि



**खरोरा।** समीपस्थ ग्राम रायखैडा वार्ड न 20 में शा. प्राथमिक शाला भाटापारा में शाला प्रबंधन समिति व ग्रामवासियों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व को धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर स्कूल समिति के अध्यक्ष ओंकार प्रसाद ध्रुव द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस सत्र 24/25 प्रथम व द्वितीय अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को एवं सबसे ज्यादा कक्षा में उपस्थित देने वाले छात्रों को प्रोत्साहन राशि 500 रु नगद व स्कूल बैग प्रदान किया गया जिसमें स्कूल में प्रथम आयी छात्रा माया साहू द्वितीय आयी प्रज्ञा सगरवंशी एवं सबसे अधिक उपस्थिति दर्ज कराने पर माही धीवर को प्रोत्साहन राशि व स्कूली बैग प्रदान किया गया। इस अवसर पर ग्राम समिति अध्यक्ष रामनारायण निषाद, व सेवानिवृत्त प्रधान पाठक वेंकटेश्वर वर्मा, प्रधान पाठक छेदी राम साहू, ओमप्रकाश वर्मा, दिलीप वर्मा, निरजंन घृतलहरे सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सिमगा में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**सिमगा।** आजादी के 79वें वर्षगांठ के अवसर पर सिमगा सहित आसपास के गांवों में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राथमिक सहकारी समिति विश्रामपुर में अध्यक्ष हेम सिंह चौहान ने ध्वजारोहण किया और देशभक्ति से ओतप्रोत उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारे देश के उन वीरों के बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। चौहान ने दोहे की पंक्तियां भी पढ़ीं, जो देशभक्ति की गहराई को दर्शाती हैं। स्वतंत्रता दिवस हर भारतीय के लिए गर्व का दिन है। यह दिन हमें उन शहीदों की याद दिलाता है जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपने घर, परिवार और जीवन की आहुति दी। इस दिन हम एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लेते हैं। जनपद कार्यालय सिमगा, नगरपालिका और विभिन्न सोसायटी में भी ध्वजारोहण हुआ। स्कूलों में प्रभात फेरी निकाली गई और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक, किसान एवं सभी वर्ग के लोग समारोह में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गोविंद चौहान, सुरेश साहू, त्रिलोक कुर्रे सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। सभी ने मिलकर भारत के विकास और समृद्धि के लिए काम करने का संकल्प लिया।



## भारतीय अर्थव्यवस्था की सहयोगी हैं नारी शक्ति



**सिमगा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एपीएल अपोलो स्टील पाइप संयंत्र में संयंत्र प्रबंधक संतोष राय ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर युवराज तिडके (प्लांट हेड), अमित सिकरवार (प्रमुख - एडमिन एवं सुरक्षा), हरीश कुमार (प्रमुख - इलेक्ट्रिकल), अशोक कुमार (सुरक्षा प्रमुख) सहित कई पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। संयंत्र प्रबंधक ने कहा कि स्वतंत्र भारत की अर्थव्यवस्था में नारी शक्ति का योगदान अमूल्य है और उनकी कार्यक्षमता बेमिसाल है। अमित सिकरवार ने ईमानदार कर्मचारियों की मेहनत से उत्पादन क्षमता बढ़ने और निर्माण लागत कम होने की बात कही। सभी ने उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद संयंत्र प्रबंधक के नेतृत्व में लगभग एक किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। अंत में मिठाई वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा** | विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शासकीय प्राथमिक शाला भैंसा में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ | विद्यालय में ध्वजारोहण सरपंच श्री हरीश वैष्णव जी के द्वारा किया गया विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ इस अवसर पर जिला सांख्यिकीय कृषि अधिकारी अर्चना बघेल पिता ओमप्रकाश बघेल, माता कांति बघेल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिनके द्वारा कक्षा 5वी में प्रथम ,द्वितीय आने वाले बच्चों को क्रमशः 1000 और 500 रुपए एवं शिल्ड प्रदान कर उनको प्रोत्साहित किया गया | इस कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष तारामती साहू, एवं सदस्यगण, प्रधानपाठक देवकुमारी आडिल एवं शिक्षकगण और शाला के सभी बच्चे उपस्थित रहे।

## मेधावी व नवोदय चयनित छात्र हुए

**खरोरा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय केसला में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। ध्वजारोहण, प्रभात फेरी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद शिक्षा सत्र 2024-25 के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली साक्षी देवांगन व संध्या देवांगन को नगद पुरस्कार व स्मृति चिन्ह दिए गए। वहीं ग्राम के शिवम साहू के नवोदय विद्यालय माना में चयनित होने पर ग्रामवासियों व अतिथियों ने उनका व पालकों का सम्मान किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पालक व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





## प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान



**खरोरा।** आदर्श ग्राम पंचायत मुड़पार में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पीएम श्री स्कूल प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला की संयुक्त शाला विकास समिति द्वारा प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तिरंगा सलामी व शहीदों को नमन से हुई। सरपंच निर्मला किरित निषाद एवं डॉ. पुहुपावति प्रदीप दास मानिकपुरी विशेष अतिथि रहीं। नन्हे बच्चों ने भाषण व कविताओं से सबका मन मोह लिया। पूर्व उपसरपंच योगेश कुमार साहू और प्रगतिशील किसान खोड़स वर्मा ने विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, शिक्षक व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## नपा अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

**कसडोल।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर कसडोल में स्वतंत्रता दिवस बहुत ही धूमधाम और बहुत ही उत्साह के साथ मनाया गया। हर चौक चौराहा व स्कूलों में ध्वजारोहण कर प्रभात फेरी निकाली गई। साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा भारत माता की जयकारा के साथ हाथों में तिरंगा लिए नगर भ्रमण किया गया। नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान नगर के गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि नागेश्वर साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कसडोल नगर अब विकास की राह पर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि नगर को एक स्वस्थ, स्वच्छ और खुशहाल शहर बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधि और नगरवासी एकजुट होकर काम करें। उन्होंने कहा कि कसडोल एक विविधतापूर्ण समुदाय है और हमें इसकी एकता को बनाए रखते हुए, अपने शहर को बेहतर और उन्नत बनाना है। इस अवसर पर सफाई कमांडो दीदियों को साल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। नगर के स्वच्छता अभियान में अहम भूमिका निभाने वाली नगर पंचायत की सफाई कमांडो दीदियों को समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने उन्हें साल और श्रीफल भेंट करते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ बनाए रखने में इन दीदियों का योगदान अतुलनीय है।



# स्काउट गाइड्स ने तिरंगा रैली निकासी व नशा मुक्ति अभियान का किया आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



भारत स्काउट गाइड विकासखंड बलौदा बाजार ने शासन की मनसा के अनुरूप विकासखंड के समस्त स्काउटर एवं गाइडरों द्वारा विभिन्न स्कूलों का दौरा कर तिरंगा रैली एवं नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की। यह कार्यक्रम शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूल चिरपोटा से प्रारंभ हुआ। यहां तिरंगे के महत्व और नशा के दुष्प्रभावों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर ग्राम भ्रमण कर जागरूकता अभियान चलाया गया।

रैली चिरपोटा से निकलकर प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल बरदा, पैंजनी, कसियारा, चिचिरदा होते हुए नगर पंचायत लवण तक पहुँची। प्रत्येक स्थान पर बच्चों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और घर-घर तिरंगे के महत्व पर चर्चा की। इस अभियान में विकासखंड सचिव चूड़ामणि वर्मा, स्काउटर नरेंद्र कुमार वर्मा, मथुरा प्रसाद वर्मा, भगवत प्रसाद चंद्राकर सहित अन्य पदाधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इसके अलावा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सरखोंर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा, स्वामी आत्मानंद विद्यालय लवन, समेत कई स्कूलों में भी रैली आयोजित की गई।




